राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति, छत्तीसगढ़
भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

पर्यावास भवन, सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर (छ.ग.)

ई–मेल : seaccg@gmail.com

विषयः– राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एस.ई.ए.सी.), छत्तीसगढ़ की दिनांक 15/02/2022 को संपन्न 399वीं बैठक का कार्यवाही विवरण

----00----

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एस.ई.ए.सी.), छत्तीसगढ़ की 399वीं बैठक दिनांक 15/02/2022 को डॉ. बी.पी. नोन्हारे, अध्यक्ष, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समिति के निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लियाः–

1. डॉ. मनोज कुमार चोपकर, सदस्य, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति
2. श्री किशन सिंह ध्रुव, सदस्य, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति
3. डॉ. शैलेश कुमार जाधव, सदस्य, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति
4. श्री एन.के. चन्द्राकर, सदस्य, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति
5. डॉ. मोहम्मद रफीक खान, सदस्य, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति
6. श्री कलदियुस तिर्की, सदस्य सचिव, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति

समिति द्वारा एजेण्डा में सम्मिलित विषयों पर निम्नानुसार विचार किया गयाः–

एजेन्डा आयटम क्रमांक–1: 398वीं बैठक दिनांक 14/02/2022 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन।

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एस.ई.ए.सी.), छत्तीसगढ़ की 398वीं बैठक दिनांक 14/02/2022 को संपन्न हुई थी। समिति को अवगत कराया गया कि बैठक का कार्यवाही विवरण तैयार किया जा रहा है, जिसे समिति के समक्ष शीघ्र प्रस्तुत किया जाएगा। उक्त स्थिति से समिति सहमत हुई।

एजेन्डा आयटम क्रमांक–2: औद्योगिक परियोजनाओं एवं गौण/मुख्य खनिजों संबंधी प्रकरणों के प्रस्तुतीकरण उपरांत पर्यावरणीय स्वीकृति / टीओआर/अन्य आवश्यक निर्णय लिया जाना।

1. मेसर्स प्रकाश इण्डस्ट्रीज लिमिटेड (वायर रॉड मिल डिविजन यूनिट–2) ग्राम–गोगांव, तहसील व जिला–रायपुर (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 753)

ऑनलाईन आवेदन – पूर्व में प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ आईएनडी/ 29825/ 2018, दिनांक 14/10/2018 द्वारा टी.ओ.आर हेतु आवेदन किया गया था। वर्तमान में प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/आईएनडी/ 29825/ 2018, दिनांक 21/09/2021 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के लिए फाईनल ई.आई.ए. रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया है।

प्रस्ताव का विवरण – परियोजना प्रस्तावक द्वारा आधुनिकीकरण (Modification) एवं क्षमता विस्तार के तहत् ग्राम–गोगांव, तहसील व जिला–रायपुर स्थित 130/4 एवं अन्य 22 खसरे, कुल क्षेत्रफल – 6.14 हेक्टेयर (15.18 एकड़) में पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया है। आधुनिकीकरण (Modification) एवं क्षमता विस्तार हेतु परियोजना का विनियोग रुपये 3 करोड़ होगा। प्रस्ताव निम्नानुसार है:–

Unit	Existing Plant	Proposed Modification/Expansion	After Proposed Modification
Mill - 1	1.8 LTPA	0.7 LTPA	2.5 LTPA
Mill - 2	2.5 LTPA	-	2.5 LTPA
Coal Gasifier	8,000 NM^3/hr 3 No's (2W+1SB)	-	8,000 NM^3/hr 3 No's (2W+1SB)

एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 01/03/2019 द्वारा से प्रकरण बी–1 केटेगरी का होने के कारण भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अप्रैल 2015 में प्रकाशित स्टैण्डर्ड टर्म्स ऑफ रिफरेंस (टीओआर) फॉर ईआईए/ईएमपी रिपोर्ट फॉर प्रोजेक्ट्स/एक्टीविटीज रिक्वायरिंग इन्वायरमेंट क्लीयरेंस अण्डर ईआईए नोटिफिकेशन, 2006 में वर्णित श्रेणी 3(ए) का स्टैण्डर्ड टीओआर (लोक सुनवाई सहित) मेटालर्जिकल इण्डस्ट्रीज (फेरस एण्ड नॉन–फेरस) हेतु टीओआर जारी किया गया है।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 09/02/2022 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठक का विवरण –

(अ) समिति की 399वीं बैठक दिनांक 15/02/2022:

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री ए.के. चतुर्वेदी, डॉयरेक्टर एवं पर्यावरण सलाहकार मेसर्स पायोनियर इन्वायरो लेवोरट्रीज एण्ड कन्सलटेन्ट प्राईवेट लिमिटेड, हैदराबाद की ओर से श्री वाय. महेश्वर रेड्डी उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:–

1. **जारी पर्यावरणीय स्वीकृति –**

- पूर्व में भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, नई दिल्ली के ज्ञापन दिनांक 10/06/2009 द्वारा वॉयर रॉड मिल क्षमता – 4,30,000 टन प्रतिवर्ष एवं

फेरो एलॉय प्लांट क्षमता – 12,750 टन प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति जारी की गई थी।

- क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय, नागपुर के ज्ञापन दिनांक 08/08/2019 द्वारा पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की बिन्दुवार जानकारी प्रस्तुत की गई है। समिति का मत है कि क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय, नागपुर द्वारा प्रस्तुत पालन प्रतिवेदन में आंशिक एवं अपूर्ण पालन के संबंध में की गई कार्यवाही की जानकारी प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

2. **जल एवं वायु सम्मति –**

- छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा वॉयर रॉड मिल क्षमता 4,30,000 टन प्रतिवर्ष, कोल गैसीफायर प्लाट क्षमता – 16,000 सामान्य घनमीटर प्रतिघंटा एवं प्रोडयुसर गैस प्लाट क्षमता – 16,000 सामान्य घनमीटर प्रतिघंटा हेतु जल एवं वायु सम्मति नवीनीकरण दिनांक 09/12/2021 को जारी की गई है,जिसकी वैद्यता दिनांक 01/02/2022 से 31/01/2025 तक है।

- पूर्व में जारी सम्मति नवीनीकरण के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की बिन्दुवार जानकारी नहीं प्रस्तुत की गई है।

3. **निकटतम स्थित क्रियाकलापों संबंधी जानकारी –**

- निकटतम आबादी ग्राम–गोगांव 0.35 कि.मी., स्कूल ग्राम–गोगांव 0.32 कि.मी. एवं अस्पताल एम्स रायपुर 2.8 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। निकटतम रेलवे स्टेशन सरस्वती नगर 1.9 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। स्वामी विवेकानंद विमानपत्तन, माना, रायपुर 25 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 4.2 कि.मी. दूर है। खारून नदी 5.9 कि.मी. दूर है।

- परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्जीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

4. **लेण्ड एरिया स्टेटमेंट –**

Land use	Area (in acre)	Percentage (%)
Main Plant	4.30	28.3
Raw Material Storage yard	1.60	10.5
Product Storage yard	1.10	7.2
Solid Waste Storage yard	0.50	3.3
Internal Roads	0.50	3.3
Greenbelt Area	5.10	33.6
Water Reservoir and RWH	0.50	3.3
Parking Area	1.58	10.5
Total	**15.18**	**100**

5. रॉ–मटेरियल –

Raw Material	Existing Quantity	After Proposed Modification	Mode of Transportation	Sources

	(TPA)	Quantity (TPA)		
Billets for Mill #1	1.962	2.725	By road (through trucks/trailors)	Induction Furance division at champa & any shortfall will be purchased
Billets for Mill #2	2.725	2.725	By road (through trucks/trailors)	
Coal for all gasifier (Indian)	0.634	0.634	By rail & road (through covered wagons/trucks)	SECL, C.G./ MCL Odisha

6. **वायु प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था** – रोलिंग मिल के री–हीटिंग फर्नेस में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु साईक्लोन सेप्रेटर एवं 35 मीटर ऊंची चिमनी स्थापित है। प्रस्तावित कार्यकलाप हेतु यही व्यवस्था अपनाई जाएगी। प्रस्तावित कार्यकलाप उपरांत चिमनी से पार्टिकुलेट मेटर उत्सर्जन 50 मिलीग्राम/सामान्य घनमीटर से कम कर 30 मिलीग्राम/सामान्य घनमीटर कम रखा जाना प्रस्तावित है।

7. **ठोस अपशिष्ट अपवहन व्यवस्था** –

Rolling Mill #1			
Solid Waste Generated	**Existing Scenario (TPA)**	**Proposed Scenario (TPA)**	**Disposal**
End Cutting	10,800	4,200	It will be sent to steel plant at Champa or may be sold in the market to re-rollers.
Mill Scales	3,600	1,400	It will be sent to steel plant at Champa or may be sold in the market to melt in Furnaces.
Miss Rolls	1,800	700	It will be sent to steel plant at Champa or may be sold in the market to re-rollers.
Ash / Cinder	5,590	-	It will be given to brick manufactures.
Rolling Mill #2			
End Cutting	15,000	-	It is sended to steel plant at Champa or sold in the market to re-rollers.
Mill Scales	5,000	-	It is sended to steel plant at Champa or sold in the market to melt in Furnaces.
Miss Rolls	2,500	-	It is sended to steel plant at Champa or sold in the market to re-rollers.
Ash / Cinder	5,590	-	It is given to brick

			manufactures.

8. **जल प्रबंधन व्यवस्था –**

- **जल खपत एवं स्त्रोत** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि वर्तमान में संयुक्त परियोजना यूनिट–1 एवं यूनिट–2 के लिए कुल 26 घनमीटर प्रतिदिन (कुलिंग हेतु 24 घनमीटर प्रतिदिन एवं घरेलू उपयोग हेतु 2 घनमीटर प्रतिदिन) जल का उपयोग किया जाता है। जल की आपूर्ति भू–जल से की जाती है। प्रस्तावित कार्यकलाप हेतु आवश्यक जल की आपूर्ति हेतु सेन्ट्रल ग्राउण्ड वॉटर अथॉरिटी से 26 घनमीटर प्रतिदिन के लिए दिनांक 20/03/2020 से 19/03/2023 तक अनुमति प्राप्त की गई है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि प्रस्तावित कार्यकलाप हेतु अतिरिक्त जल की आवश्यकता नहीं होना बताया गया है। भू–जल की आवश्यकता यूनिटवार पृथक–पृथक बताया जाना आवश्यक है।

- **जल प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था** – औद्योगिक प्रक्रिया से दूषित जल उत्पन्न होता है। रोलिंग मिल से कुलिंग उपरांत प्राप्त दूषित जल को ठंडा कर पुनः कूलिंग हेतु उपयोग में लाया जाता है। वर्तमान में घरेलू दूषित के उपचार हेतु सेप्टिक टैंक एवं सोकपिट निर्माण किया गया है। शून्य निस्सारण की स्थिति रखी जाती है। यही व्यवस्था प्रस्तावित कार्यकलाप हेतु अपनाई जाएगी।

- समिति का मत है कि यूनिट–1 एवं यूनिट–2 में जल के उपयोग हेतु पृथक से जानकारी प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है। साथ ही घरेलू दूषित जल के उपचार हेतु संयुक्त सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट किस इकाई में प्रस्तावित है, के संबंध में भी जानकारी एवं सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है। लेण्ड एरिया स्टेटमेंट में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए आवश्यक भूमि नहीं दर्शायी गई है। लेण्ड एरिया स्टेटमेंट में मुख्य प्लांट (Main Plant) का ब्रेक–अप प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

- **भू–जल उपयोग प्रबंधन** – उद्योग स्थल सेंट्रल ग्राउण्ड वाटर बोर्ड के अनुसार सेमी क्रिटिकल जोन में आता है। जिसके अनुसारः–

  (अ) वृहद एवं मध्यम उद्योगों को कम से कम 50 प्रतिशत दूषित जल का पुनःचक्रण एवं पुनःउपयोग किया जाना है।

  (ब) ग्राउण्ड वाटर रिचार्ज हेतु अपनाई गई तकनीक यथा रेनवाटर हार्वेस्टिंग / ऑर्टिफिशियल जल रिचार्ज के आधार पर भू–जल निकाले जाने की अनुमति सेंट्रल ग्राउण्ड वाटर बोर्ड द्वारा दिये जाने का प्रावधान था। उद्योग द्वारा परिसर में रेनवाटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था की जाना आवश्यक है।

- **रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था** – उद्योग परिसर में वर्षा जल का कुल रनऑफ 41,516 घनमीटर है। वर्तमान में उद्योग परिसर के भीतर 5 नग रिचार्ज पिट (व्यास 2.5 मीटर, गहराई 3 मीटर) निर्मित है। प्रस्तावित कार्यकलाप उपरांत रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था के अंतर्गत 22 नग रिचार्ज पिट (व्यास 2.5 मीटर, गहराई 3 मीटर) निर्मित किया जाना प्रस्तावित है। प्रस्तावित रेनवॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था पश्चात् परिसर के पूर्ण रनऑफ को रिचार्ज किया जा सकेगा। सभी रिचार्ज स्ट्रक्चर्स इस प्रकार निर्मित किए जाएगें कि इनमें समान मात्रा में वर्षा जल का बहाव हो सके।

9. **विद्युत आपूर्ति स्त्रोत** – परियोजना हेतु 11 मेगावॉट विद्युत की आवश्यकता होगी। वर्तमान में विद्युत की आपूर्ति छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड से की जाती है। वैकल्पिक व्यवस्था हेतु डी.जी. सेट स्थापित है। स्थापित एवं प्रस्तावित कार्यकलाप उपरांत विद्युत की मात्रा एवं आपूर्ति की जानकारी प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

10. **वृक्षारोपण संबंधी जानकारी** – वर्तमान में हरित पट्टिका के विकास हेतु कुल क्षेत्रफल 5.1 एकड़ (33.6 प्रतिशत) क्षेत्र में 2,766 नग पौधे रोपित किया गया है। प्रस्तावित कार्यकलाप के तहत् 1,000 नग पौधे रोपित किया जाना प्रस्तावित है। उक्त वृक्षारोपण का कार्य आगामी मानसून में पूर्ण किया जाएगा। समिति का मत है कि परिसर के भीतर 45 प्रतिशत क्षेत्र में वृक्षारोपण किया जाना आवश्यक है। साथ ही वृक्षारोपण के रख–रखाव आगामी 5 वर्षों तक सुनिश्चित करते हुये मृत पौधों को प्रतिस्थापित (Mortality replacement) किया जाना आवश्यक है।

11. **ई.आई.ए. रिपोर्ट का विश्लेषण**:–

i. **जल एवं वायु आदि गुणवत्ता संबंधी जानकारी** – मॉनिटरिंग कार्य दिनांक 01 दिसंबर 2018 से 28 फरवरी 2019 के मध्य किया गया है। 10 किलोमीटर के अंतर्गत 8 स्थानों पर परिवेशीय वायु गुणवत्ता मापन, 8 स्थानों पर भू–जल गुणवत्ता मापन, 8 स्थानों पर ध्वनि स्तर मापन, 2 स्थलों पर सतही जल गुणवत्ता तथा 8 स्थानों पर मिट्टी के नमूने एकत्रित कर विश्लेषण किया गया है।

ii. मॉनिटरिंग परिणामों के अनुसार पी.एम.$_{2.5}$ 32.6 से 47.4 माईक्रोग्राम/घनमीटर, पी.एम.$_{10}$ 56.7 से 83.1 माईक्रोग्राम/घनमीटर, एसओ$_2$ 8.2 से 15.8 माईक्रोग्राम/घनमीटर तथा एनओ$_{एक्स}$ 15.4 से 31.2 माईक्रोग्राम/घनमीटर पाई गई है। जो उक्त क्षेत्र के निर्धारित मानक के अनुरूप है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा परिवेशीय वायु में जी.एल.सी. (GLC) की गणना कर जानकारी प्रस्तुत की गई है, जिसके अनुसार परियोजना के प्रारंभ होने के उपरांत पी.एम. की मात्रा 84.82 माईक्रोग्राम/घनमीटर की वृद्धि, डी.जी. सेट से सल्फर डाईआक्साईड की मात्रा 19.8 माईक्रोग्राम/घनमीटर की वृद्धि एवं एनओ$_{एक्स}$ की मात्रा 42.7 माईक्रोग्राम/घनमीटर की वृद्धि होगी।

iii. परियोजना स्थल के आसपास जल स्त्रोतों की गुणवत्ता भारतीय मानक के अनुसार है।

iv. परिवेशीय ध्वनि स्तर (Day time) 48 डीबीए से 70 डीबीए एवं ध्वनि स्तर (Night time) 36 डीबीए से 58 डीबीए पाया गया। जो उक्त क्षेत्र के निर्धारित मानक के अनुरूप है।

v. भारी वाहनों / मल्टीएक्शल हैवी वाहनों को समाहित करते हुये ट्रैफिक अध्ययन रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है, जिसके अनुसार वर्तमान में 917 पी.सी.यू. प्रतिघंटा है। प्रस्तावित परियोजना उपरांत 1,059.5 पी.सी.यू. प्रतिघंटा होगी। विस्तार के उपरांत भी रॉ–मटेरियल / प्रोडक्ट्स के परिवहन हेतु सड़क मार्ग की लोड कैरिंग क्षमता निर्धारित मानक के भीतर है।

12. लोक सुनवाई दिनांक 20/07/2021 अपरान्ह 02:00 बजे, स्थान – शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सोनडोंगरी के मैदान, वार्ड क्रमांक 02, जोन क्रमांक 01, नगर पालिक निगम, रायपुर, संकुल हीरापुर, विकासखण्ड–धरसींवा, जिला–रायपुर में संपन्न हुई। लोक सुनवाई दस्तावेज सदस्य सचिव, छत्तीसगढ़

पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर के पत्र दिनांक 18/08/2021 द्वारा प्रेषित किया गया है।

13. उद्योग प्रबंधन द्वारा लोक सुनवाई के दौरान उठाये गये विभिन्न मुद्दों एवं उनके निराकरण की दिशा में किये जाने वाले उपाय के संबंध में सारणीबद्ध प्रपत्र अंग्रेजी (tabular form in english) में प्रस्तुत किया गया है। समिति का मत है कि जन सामान्य के सुविधानुसार सारणीबद्ध प्रपत्र हिन्दी (tabular form in Hindi) में प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

14. परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु परियोजना के कुल लागत का 2 प्रतिशत व्यय लोक सुनवाई के दौरान उठाये गये मुद्दों के आधार पर यथा कबीर नगर एवं केनाल रोड के मध्य स्थित तालाब का सौंदर्यीकरण, ग्राम–सोनडोंगरी में वृक्षारोपण (ट्री–गार्ड सहित), कबीर नगर, सोनडोंगरी एवं गोगांव में सीसी कैमरा लगाया जाना तथा रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण हेतु राशि 17 लाख रूपये व्यय किया जाना बताया गया है। जिसे समिति द्वारा अमान्य किया गया। समिति का मत है कि परियोजना हेतु सी.ई.आर. के तहत् व्यय राशि अत्यधिक होने के कारण 5 हेक्टेयर से 10 हेक्टेयर क्षेत्रफल में "ईको पार्क निर्माण" का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए। अतः ओ.एम. के अनुसार संशोधित कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.) का विस्तृत प्रस्ताव पूर्ण विवरण सहित प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

15. आधुनिकीकरण (Modification) एवं क्षमता विस्तार हेतु परियोजना के विनियोग की कुल लागत 3 करोड़ होना बताया गया है, विनियोग की कुल लागत की गणना वर्ष 2018 में की गई है। वर्तमान स्थिति में विनियोग की कुल लागत की गणना कर ब्रेक–अप के साथ प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गयाः–

1. वर्तमान स्थिति में विनियोग की कुल लागत की गणना कर ब्रेक–अप प्रस्तुत किया जाए।
2. क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय, नागपुर द्वारा प्रस्तुत पालन प्रतिवेदन में आंशिक एवं अपूर्ण पालन के संबंध में की गई कार्यवाही की जानकारी प्रस्तुत किया जाए।
3. वर्तमान में स्थापित इकाईयों हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा जारी सम्मति शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की बिन्दुवार जानकारी एवं पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत की जाए।
4. वर्तमान मे स्थापित इकाई एवं प्रस्तावित कार्यकलाप उपरांत एनर्जी बैलेंस, वॉटर बैलेंस, रॉ–मटेरियल बैलेंस एवं ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन व्यवस्था प्रस्तुत किया जाए।
5. परिवहन, कच्चे माल की लोडिंग–अनलोडिंग, सभी ट्रांसफर पाईंट्स, कन्वेयरिंग पाईंट्स, मार्गों आदि से होने वाले धूल उत्सर्जन के नियत्रंण हेतु स्थापित एवं प्रस्तावित व्यवस्था की जानकारी प्रस्तुत किया जाए।
6. चिमनी से पार्टिकुलेट मेटर का उत्सर्जन 50 मिलिग्राम/सामान्य घनमीटर से कम कर 30 मिलिग्राम/सामान्य घनमीटर से कम सुनिश्चित किये जाने बाबत् विस्तृत गणना सहित जानकारी प्रस्तुत किया जाए।

7. भू–स्वामित्व संबंधी दस्तावेज (खसरावार सहित) प्रस्तुत किया जाए।

8. यूनिट–1 एवं यूनिट–2 में जल के उपयोग हेतु पृथक से जानकारी प्रस्तुत किया जाए। साथ ही घरेलू दूषित जल के उपचार हेतु संयुक्त सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट किस इकाई में प्रस्तावित है, के संबंध में ही जानकारी एवं सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का विस्तृत प्रस्ताव (प्रोसेस फ्लो चार्ट सहित) प्रस्तुत किया जाए।

9. प्रस्तावित परियोजना उपरांत दूषित जल की मात्रा एवं उसके उपचार हेतु सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (प्रोसेस फ्लो चार्ट सहित) के संबंध में जानकारी प्रस्तुत किया जाए। साथ ही लेण्ड एरिया स्टेटमेंट में मुख्य प्लांट (Main Plant) का ब्रेक–अप प्रस्तुत किया जाए।

10. कोल एनालिसिस रिपोर्ट सबंधी जानकारी प्रस्तुत की जाए।

11. वायु मापन हेतु मॉडल में की गई गणना का इनपुट वैल्यु एवं आउटपुट वैल्यु (लिये गये कारक सहित) का उल्लेख करते हुये फोटोग्राफ्स सहित जानकारी प्रस्तुत किया जाए।

12. कुल क्षेत्रफल के 45 प्रतिशत क्षेत्र में वृक्षारोपण किये जाने हेतु प्रस्ताव सहित जानकारी प्रस्तुत किया जाए। साथ ही वृक्षारोपण हेतु पौधों का रोपण, सुरक्षा हेतु फेंसिंग, खाद एवं सिंचाई तथा रख–रखाव के लिए 5 वर्षों का घटकवार व्यय का विवरण सहित विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

13. स्थापित एवं प्रस्तावित कार्यकलाप उपरांत विद्युत की मात्रा एवं आपूर्ति की जानकारी तथा वैकल्पिक व्यवस्था हेतु डी.जी. सेट संबंधी जानकारी प्रस्तुत की जाए।

14. लोक सुनवाई में उठाये गये मुद्दों के निराकरण की दिशा में प्रस्तावित कार्यवाही की कार्य योजना सारणीबद्ध प्रपत्र हिन्दी (tabular form in Hindi) में प्रस्तुत किया जाए।

15. परियोजना हेतु सी.ई.आर. के तहत् व्यय राशि अधिक होने के कारण 5 हेक्टेयर से 10 हेक्टेयर क्षेत्रफल में ईको पार्क निर्माण हेतु प्रस्ताव विस्तृत विवरण सहित प्रस्तुत किया जाए।

16. उपरोक्त वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

2. मेसर्स फ्लेग स्टोन क्वारी (प्रो.– श्री मनोज चन्द्राकर), ग्राम–बरबसपुर, तहसील व जिला–महासमुंद (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1828)

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/सीजी/एमआईएन/67943/2021, दिनांक 27/09/2021।

प्रस्ताव का विवरण – यह पूर्व से संचालित फर्शी पत्थर (गौण खनिज) खदान है। खदान ग्राम–बरबसपुर, तहसील व जिला–महासमुंद स्थित खसरा क्रमांक 200, कुल क्षेत्रफल–0.36 हेक्टेयर में है। खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता–2,325 टन (930 घनमीटर) प्रतिवर्ष है।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 09/02/2022 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठक का विवरण –

(अ) समिति की 399वीं बैठक दिनांक 15/02/2022:

प्रस्तुतीकरण हेतु कोई भी प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुए। परियोजना प्रस्तावक के ई–मेल दिनांक 15/02/2022 द्वारा सूचना दी गयी है कि अपरिहार्य कारणों से समिति के समक्ष बैठक में प्रस्तुतीकरण हेतु उपस्थित होना संभव नहीं है। अतः अतिरिक्त समय प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया है। समिति द्वारा परियोजना प्रस्तावक के अनुरोध को मान्य किया गया।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा वांछित जानकारी एवं अनुरोध पत्र प्राप्त होने पर आगामी कार्यवाही की जाएगी।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

3. मेसर्स फ्लेग स्टोन क्वारी (प्रो.– श्री बालमुकुंद चन्द्राकर), ग्राम–बरबसपुर, तहसील व जिला–महासमुंद (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1829)

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ एमआईएन/ 67948/2021, दिनांक 27/09/2021।

प्रस्ताव का विवरण – यह पूर्व से संचालित फर्शी पत्थर (गौण खनिज) खदान है। खदान ग्राम–बरबसपुर, तहसील व जिला–महासमुंद स्थित पार्ट ऑफ खसरा क्रमांक 311, कुल क्षेत्रफल–0.24 हेक्टेयर में है। खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता–907.5 टन (363 घनमीटर) प्रतिवर्ष है।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 09/02/2022 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठक का विवरण –

(अ) समिति की 399वीं बैठक दिनांक 15/02/2022:

प्रस्तुतीकरण हेतु कोई भी प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुए। परियोजना प्रस्तावक के ई–मेल दिनांक 15/02/2022 द्वारा सूचना दी गयी है कि अपरिहार्य कारणों से समिति के समक्ष बैठक में प्रस्तुतीकरण हेतु उपस्थित होना संभव नहीं है। अतः अतिरिक्त समय प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया है। समिति द्वारा परियोजना प्रस्तावक के अनुरोध को मान्य किया गया।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा वांछित जानकारी एवं अनुरोध पत्र प्राप्त होने पर आगामी कार्यवाही की जाएगी।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

4. मेसर्स फ्लेग स्टोन क्वारी (प्रो.– श्री खेमलाल चन्द्राकर), ग्राम–बरबसपुर, तहसील व जिला–महासमुंद (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1830)

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ एमआईएन/ 67949/2021, दिनांक 27/09/2021।

प्रस्ताव का विवरण – यह पूर्व से संचालित फर्शी पत्थर (गौण खनिज) खदान है। खदान ग्राम–बरबसपुर, तहसील व जिला–महासमुंद स्थित खसरा क्रमांक 467, कुल क्षेत्रफल–0.5 हेक्टेयर में है। खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता–2,542.5 टन (1,017 घनमीटर) प्रतिवर्ष है।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 09/02/2022 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठक का विवरण –

(अ) समिति की 399वीं बैठक दिनांक 15/02/2022:

प्रस्तुतीकरण हेतु कोई भी प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुए। परियोजना प्रस्तावक के ई–मेल दिनांक 15/02/2022 द्वारा सूचना दी गयी है कि अपरिहार्य कारणों से समिति के समक्ष बैठक में प्रस्तुतीकरण हेतु उपस्थित होना संभव नहीं है। अतः अतिरिक्त समय प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया है। समिति द्वारा परियोजना प्रस्तावक के अनुरोध को मान्य किया गया।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा वांछित जानकारी एवं अनुरोध पत्र प्राप्त होने पर आगामी कार्यवाही की जाएगी।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

5. मेसर्स फ्लेग स्टोन क्वारी (प्रो.– श्री बालमुकुंद चन्द्राकर), ग्राम–बरबसपुर, तहसील व जिला–महासमुंद (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1831)

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए /सीजी /एमआईएन / 67950/2021, दिनांक 27/09/2021।

प्रस्ताव का विवरण – यह पूर्व से संचालित फ्लेग स्टोन (गौण खनिज) खदान है। खदान ग्राम–बरबसपुर, तहसील व जिला–महासमुंद स्थित पार्ट ऑफ खसरा क्रमांक 177, कुल क्षेत्रफल–0.8 हेक्टेयर में है। खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता–1,575 टन (630 घनमीटर) प्रतिवर्ष है।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 09/02/2022 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठक का विवरण –

(अ) समिति की 399वीं बैठक दिनांक 15/02/2022:

प्रस्तुतीकरण हेतु कोई भी प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुए। परियोजना प्रस्तावक के ई–मेल दिनांक 15/02/2022 द्वारा सूचना दी गयी है कि अपरिहार्य कारणों से समिति के समक्ष बैठक में प्रस्तुतीकरण हेतु उपस्थित होना संभव नहीं है। अतः अतिरिक्त समय प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया है। समिति द्वारा परियोजना प्रस्तावक के अनुरोध को मान्य किया गया।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा वांछित जानकारी एवं अनुरोध पत्र प्राप्त होने पर आगामी कार्यवाही की जाएगी।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

6. मेसर्स फ्लेग स्टोन क्वारी (प्रो.– श्री ललित कुमार चन्द्राकर), ग्राम–बरबसपुर, तहसील व जिला–महासमुंद (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1832)

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ एमआईएन/ 67951/2021, दिनांक 27/09/2021।

प्रस्ताव का विवरण – यह पूर्व से संचालित फर्शी पत्थर (गौण खनिज) खदान है। खदान ग्राम–बरबसपुर, तहसील व जिला–महासमुंद स्थित पार्ट ऑफ खसरा क्रमांक 358, कुल क्षेत्रफल–0.7 हेक्टेयर में है। खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता–1687.5 टन (675 घनमीटर) प्रतिवर्ष है।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 09/02/2022 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठक का विवरण –

(अ) समिति की 399वीं बैठक दिनांक 15/02/2022:

प्रस्तुतीकरण हेतु कोई भी प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुए। परियोजना प्रस्तावक के ई–मेल दिनांक 15/02/2022 द्वारा सूचना दी गयी है कि अपरिहार्य कारणों से समिति के समक्ष बैठक में प्रस्तुतीकरण हेतु उपस्थित होना संभव नहीं है। अतः अतिरिक्त समय प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया है। समिति द्वारा परियोजना प्रस्तावक के अनुरोध को मान्य किया गया।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा वांछित जानकारी एवं अनुरोध पत्र प्राप्त होने पर आगामी कार्यवाही की जाएगी।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

7. मेसर्स फ्लेग स्टोन क्वारी (प्रो.– श्री दिलीप कुमार अग्रवाल), ग्राम–घोड़ारी, तहसील व जिला–महासमुंद (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1833)

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए /सीजी /एमआईएन / 67953/2021, दिनांक 28/09/2021।

प्रस्ताव का विवरण – यह पूर्व से संचालित फर्शी पत्थर (गौण खनिज) खदान है। खदान ग्राम–घोड़ारी, तहसील व जिला–महासमुंद स्थित पार्ट ऑफ खसरा क्रमांक 10, कुल क्षेत्रफल–1.04 हेक्टेयर में है। खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता–2,210 टन (884 घनमीटर) प्रतिवर्ष है।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 09/02/2022 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठक का विवरण –

(अ) समिति की 399वीं बैठक दिनांक 15/02/2022:

प्रस्तुतीकरण हेतु कोई भी प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुए। परियोजना प्रस्तावक के ई–मेल दिनांक 15/02/2022 द्वारा सूचना दी गयी है कि अपरिहार्य कारणों से समिति के समक्ष बैठक में प्रस्तुतीकरण हेतु उपस्थित होना संभव नहीं है। अतः अतिरिक्त समय प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया है। समिति द्वारा परियोजना प्रस्तावक के अनुरोध को मान्य किया गया।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा वांछित जानकारी एवं अनुरोध पत्र प्राप्त होने पर आगामी कार्यवाही की जाएगी।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

8. मेसर्स बारूला सेण्ड माईन (प्रो.– श्री गुंजन पिथालिया), ग्राम–बारूला, तहसील व जिला–गरियाबंद (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1834)

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ एमआईएन/ 231835/ 2021, दिनांक 29/09/2021।

प्रस्ताव का विवरण – यह प्रस्तावित रेत (गौण खनिज) खदान है। यह खदान ग्राम–बारूला, तहसील व जिला–गरियाबंद स्थित खसरा क्रमांक 268, कुल क्षेत्रफल–4 हेक्टेयर में है। उत्खनन पैरी नदी से किया जाना प्रस्तावित है। खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता – 80,000 घनमीटर प्रतिवर्ष है।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 09/02/2022 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठक का विवरण –

(अ) समिति की 399वीं बैठक दिनांक 15/02/2022:

प्रस्तुतीकरण हेतु कोई भी प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुए। परियोजना प्रस्तावक के ई–मेल दिनांक 15/02/2022 द्वारा सूचना दी गयी है कि वांछित जानकारी अपूर्ण होने के कारण से समिति के समक्ष बैठक में प्रस्तुतीकरण हेतु उपस्थित होना संभव नहीं है। अतः आगामी आयोजित बैठक में समय प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि परियोजना प्रस्तावक को पूर्व में चाही गई वांछित जानकारी एवं समस्त सुसंगत जानकारी / दस्तावेज सहित प्रस्तुतीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

9. मेसर्स कोचवाय सेण्ड माईन (प्रो.– श्री मनोज कुमार साहू), ग्राम–कोचवाय, तहसील व जिला–गरियाबंद (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1835)

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ एमआईएन/ 231839/ 2021, दिनांक 29/09/2021।

प्रस्ताव का विवरण – यह प्रस्तावित रेत (गौण खनिज) खदान है। यह खदान ग्राम–कोचवाय, तहसील व जिला–गरियाबंद स्थित खसरा क्रमांक 2127, कुल

क्षेत्रफल–3 हेक्टेयर में है। उत्खनन पैरी नदी से किया जाना प्रस्तावित है। खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता – 60,000 घनमीटर प्रतिवर्ष है।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 09/02/2022 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठक का विवरण –

(अ) समिति की 399वीं बैठक दिनांक 15/02/2022:

प्रस्तुतीकरण हेतु कोई भी प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुए। परियोजना प्रस्तावक के ई–मेल दिनांक 15/02/2022 द्वारा सूचना दी गयी है कि वांछित जानकारी अपूर्ण होने के कारण से समिति के समक्ष बैठक में प्रस्तुतीकरण हेतु उपस्थित होना संभव नहीं है। अतः आगामी आयोजित बैठक में समय प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि परियोजना प्रस्तावक को पूर्व में चाही गई वांछित जानकारी एवं समस्त सुसंगत जानकारी / दस्तावेज सहित प्रस्तुतीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

एजेन्डा आयटम क्रमांक–3: परियोजना प्रस्तावकों से वांछित जानकारी / दस्तावेज प्राप्त प्रकरणों पर विचार कर पर्यावरणीय स्वीकृति / टीओआर/अन्य आवश्यक निर्णय लिया जाना।

1. मेसर्स गुमड़ा सेण्ड क्वारी (प्रो.– श्री श्याम कुमार सिंह), ग्राम–गुमड़ा, तहसील–गीदम, जिला–दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1712)

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ एमआईएन/ 215684/ 2021, दिनांक 23/06/2021।

प्रस्ताव का विवरण – यह पूर्व से संचालित रेत खदान (गौण खनिज) है। यह खदान ग्राम–गुमड़ा, तहसील–गीदम, जिला–दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा स्थित खसरा क्रमांक 1224, कुल क्षेत्रफल–5 हेक्टेयर में है। उत्खनन डंकिनी नदी से किया जाता है। खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता – 39,438 घनमीटर प्रतिवर्ष है।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन एवं ई–मेल दिनांक 26/07/2021 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की 382वीं बैठक दिनांक 30/07/2021:

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री शाहिद अली, अधिकृत प्रतिनिधि विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:–

1. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण:–**

i. पूर्व में सरपंच, ग्राम पंचायत गुमड़ा के नाम से रेत खदान खसरा क्रमांक 1224, कुल क्षेत्रफल – 5 हेक्टेयर, क्षमता – 30,000 घनमीटर प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति जिला स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, जिला–दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा द्वारा दिनांक 24/07/2018 को जारी की गई। यह स्वीकृति जारी दिनांक से 2 वर्ष तक की अवधि हेतु जारी की गई थी।

ii. एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 27/11/2019 द्वारा सरपंच, ग्राम पंचायत गुमड़ा को जारी पर्यावरणीय स्वीकृति को श्री श्याम कुमार सिंह के नाम पर हस्तांतरण किया गया है।

iii. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तो के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी प्रस्तुत की गई है।

iv. निर्धारित शर्तानुसार वृक्षारोपण नहीं किया गया है। वर्तमान में 450 नग पौधों का रोपण किया गया है, जिसमें से 300 नग पौधें जीवित है।

v. कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला–दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के ज्ञापन क्रमांक 130/खनिज/रि.ऑ./2021–22 दंतेवाड़ा, दिनांक 31/05/2021 द्वारा विगत वर्षों में किये गये उत्खनन की जानकारी निम्नानुसार है:–

वर्ष	उत्पादन (घनमीटर)
2017–18	1,120
2018–19	2,089
2019–20	1,400
2020–21	7,300

vi. कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला–दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के ज्ञापन क्रमांक 382/खनिज/रि.ऑ./2021–22 दंतेवाड़ा, दिनांक 29/07/2021 द्वारा वर्ष 2020–21 में किये गये माहवार उत्खनन की जानकारी निम्नानुसार है:–

वर्ष	उत्पादन (घनमीटर)	वर्ष	उत्पादन (घनमीटर)
जनवरी 2020	433	सितम्बर 2020	–
फरवरी 2020	404	अक्टूबर 2020	–
मार्च 2020	563	नवम्बर 2020	120
अप्रैल 2020	–	दिसम्बर 2020	280
मई 2020	–	जनवरी 2021	1,000
जून 2020	–	फरवरी 2021	783
जुलाई 2020	–	मार्च 2021	5,117
अगस्त 2020	–		

vii. पर्यावरणीय स्वीकृति दिनांक 23/07/2020 को समाप्त होने के उपरांत भी उत्खनन किया गया है। इस संबंध में परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 25/03/2020 के अनुसार जिन परियोजनाओं एवं कार्यकलापों को जारी पर्यावरणीय स्वीकृति की वैधता दिनांक 15/03/2020 से 30/04/2020 के मध्य समाप्त हो रही है। उनकी पर्यावरणीय स्वीकृति की वैधता दिनांक 30/06/2020 तक वृद्धि की गई

है। तत्पश्चात् भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 27/11/2020 अनुसार:-

"9A. Notwithstanding anything contained in this notification, the validity of prior environmental clearances granted under the provisions of this notification in respect of the projects or activities whose validity is expiring in the Financial Year 2020-2021 shall deemed to be extended till the 31st March, 2021 or six months from the date of expiry of validity, whichever is later. Such extension is subject to same terms and conditions of the prior environmental clearance in the respective clearance letters, to ensure uninterrupted operations of such projects or activities which have been stalled due to the outbreak of Corona Virus (COVID-19) and subsequent lockdowns (total or partial) declared for its control".

उपरोक्त अधिसूचना के अनुसार उत्खनन कार्य किया गया है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया गया।

2. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत गुमड़ा का दिनांक 20/08/2019 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

3. **चिन्हांकित/सीमांकित** – कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा से प्राप्त प्रमाण पत्र अनुसार यह खदान चिन्हांकित/सीमांकित कर घोषित है।

4. **उत्खनन योजना** – क्वारी प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो खनि अधिकारी, जिला-दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के ज्ञापन क्रमांक 124/खनिज/उ.यो./2021-22 दंतेवाड़ा, दिनांक 31/05/2021 द्वारा अनुमोदित है।

5. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला-दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के ज्ञापन क्रमांक 128/खनिज/रेत/2021-22 दंतेवाड़ा, दिनांक 31/05/2021 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित अन्य रेत खदानों की संख्या निरंक है।

6. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाए** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला-दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के ज्ञापन क्रमांक 129/खनिज/रेत/2021-22 दंतेवाड़ा, दिनांक 31/05/2021 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान के 200 मीटर की परिधि में कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र जैसे राष्ट्रीय राजमार्ग, पुल, बांध, एनीकट एवं जल आपूर्ति आदि प्रतिबंधित क्षेत्र निर्मित नहीं है।

7. **लीज का विवरण** – लीज श्री श्याम कुमार सिंह के नाम पर है। लीज डीड 2 वर्षों अर्थात् दिनांक 07/12/2019 से 06/12/2021 तक की अवधि हेतु वैध है।

8. **वन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा वन विभाग से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत नहीं की गई है।

9. **डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट** – वर्ष 2019 की डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

10. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम-गुमड़ा 0.8 कि.मी., स्कूल ग्राम-गुमड़ा 0.8 कि.मी. एवं अस्पताल गीदम में स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग

7 कि.मी. दूर है। स्वीकृत रेत खदान के 1 कि.मी. की दूरी तक एनीकट/पुल स्थित नहीं है।

11. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्जीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पॉल्युटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

12. **खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई एवं खदान की नदी तट से दूरी** – आवेदन अनुसार खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई – अधिकतम 140 मीटर, न्यूनतम 80 मीटर तथा खनन स्थल की लंबाई – अधिकतम 577 मीटर, न्यूनतम 573 मीटर एवं खनन स्थल की चौड़ाई – अधिकतम 100 मीटर, न्यूनतम 67 मीटर दर्शाई गई है। खदान की नदी तट के किनारे से दूरी अधिकतम 53 मीटर, न्यूनतम 2 मीटर है, जबकि इसकी नदी तट से न्यूनतम दूरी 7.5 मीटर अथवा नदी के पाट की चौड़ाई का 10 प्रतिशत होना चाहिए।

13. **खदान स्थल पर रेत की मोटाई** – आवेदन अनुसार स्थल पर रेत की गहराई – 4 मीटर तथा रेत खनन की प्रस्तावित गहराई – 1.5 मीटर दर्शाई गई है। अनुमोदित माईनिंग प्लान अनुसार खदान में माईनेबल रेत की मात्रा – 39,438 घनमीटर है। रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर वर्तमान में उपलब्ध रेत सतह की मोटाई जानने के लिए, प्रस्तावित स्थल पर 5 गढ्ढे (Pits) खोदकर उसकी वास्तविक गहराई का मापन कर, खनिज विभाग से प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत की गई है। इसके अनुसार रेत की उपलब्ध औसत मोटाई 3.35 मीटर है। रेत की वास्तविक गहराई हेतु पंचनामा भी प्रस्तुत किया गया है।

14. **खदान क्षेत्र में रेत सतह के लेवल्स** – रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल एवं प्रस्तावित स्थल के चारों तरफ में 100 मीटर की दूरी तक, 40 मीटर गुणा 40 मीटर के ग्रिड बिन्दुओं पर पोस्ट–मानसून डाटा दिनांक 22/12/2019, प्री–मानसून डाटा दिनांक 15/06/2020 एवं 25 मीटर गुणा 25 मीटर के ग्रिड बिन्दुओं पर पोस्ट–मानसून डाटा दिनांक 14/10/2020, प्री–मानसून डाटा दिनांक 13/06/2021 को रेत सतह के वर्तमान लेवल्स (Levels) लेकर, उन्हें खनिज विभाग से प्रमाणीकरण उपरांत फोटोग्राफ्स सहित जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है।

15. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा समिति के समक्ष विस्तार से चर्चा उपरांत निम्नानुसार विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:–

Capital Investment (in Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount Required for CER Activities (in Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh Rupees)
22	2%	0.44	Following activities at Nearby Government Primary School, **Village- Gumda**	
			Rain Water Harvesting System	0.35

			Potable Drinking water Facility	0.30
			Total	**0.65**

16. **गैर माईनिंग क्षेत्र –**

i. नदी के पाट की चौडाई अधिकतम 140 मीटर, न्यूनतम 80 मीटर है, जबकि खदान की नदी तट के किनारे से दूरी अधिकतम 53 मीटर, न्यूनतम 2 मीटर है। नये दिशा निर्देशों के अनुसार नदी तट से न्यूनतम 7.5 मीटर अथवा नदी के पाट की चौड़ाई का 10 प्रतिशत दूरी तक के क्षेत्र में खनन नहीं किया जा सकता। माईनिंग प्लान के अनुसार नदी तट के किनारे से खनन क्षेत्र की दूरी नदी के पाट की चौडाई का 10 प्रतिशत छोड़कर उत्खनन किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें 3,400 वर्गमीटर गैर माईनिंग क्षेत्र रखा गया है।

ii. परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुतीकरण के दौरान बताया गया कि उत्खनन क्षेत्र में पत्थर होने के कारण से माईनिंग प्लान अनुसार 20,308 वर्गमीटर गैर माईनिंग क्षेत्र रखा गया है।

iii. उपरोक्तानुसार माईनिंग प्लान में कुल गैर माईनिंग क्षेत्र 23,708 वर्गमीटर प्रस्तावित किया गया है। अतः रेत उत्खनन का कार्य अवशेष 2.629 हेक्टेयर क्षेत्र में किया जाना प्रस्तावित है।

समिति द्वारा तत्समय सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था कि परियोजना प्रस्तावक को लीज सीमा से निकटतम वन क्षेत्र एवं अभयारण्य/राष्ट्रीय उद्यान की वास्तविक दूरी संबंधी जानकारी, वन विभाग से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की अद्यतन प्रति प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

तदानुसार एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 28/09/2021 के परिपेक्ष्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा जानकारी/दस्तावेज दिनांक 10/01/2022 को प्रस्तुत किया गया है।

(स) समिति की 399वीं बैठक दिनांक 15/02/2022:

समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:–

1. कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, दंतेवाड़ा वनमंडल, जिला–दंतेवाड़ा के ज्ञापन क्रमांक/क.त.अ./8857 दंतेवाड़ा, दिनांक 07/10/2021 से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र अनुसार आवेदित क्षेत्र की सीमा वन भूमि से 1 कि.मी. की दूरी पर है एवं अभयारण्य/राष्ट्रीय उद्यान की वास्तविक दूरी संबंधी जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई है।.
2. सी.ई.आर. का विस्तृत प्रस्ताव एवं प्रस्तावित स्कूल के प्राचार्य (Principal) का सहमति पत्र प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:–

1. लीज सीमा से अभयारण्य/राष्ट्रीय उद्यान की वास्तविक दूरी संबंधी जानकारी हेतु वन विभाग से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की अद्यतन प्रति प्रस्तुत किया जाए।

2. लीज की वैधता वृद्धि के संबंध में वस्तुस्थिति स्पष्ट किया जाए।

3. सी.ई.आर. का विस्तृत प्रस्ताव एवं प्रस्तावित स्कूल के प्राचार्य (Principal) का सहमति पत्र प्रस्तुत किया जाए।

4. उपरोक्त वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

2. मेसर्स अविनाश एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड, ग्राम–मोहरा एवं हिरमी, तहसील–सिमगा, जिला–बलौदाबाजार–भाठापारा (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 900)

ऑनलाईन आवेदन – पूर्व में प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ आईएनडी/ 37500/ 2019, दिनांक 08/06/2019 द्वारा टी.ओ.आर हेतु आवेदन किया गया था। वर्तमान में प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ आईएनडी/ 37500/ 2019, दिनांक 21/08/2021 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के लिए फाईनल ई.आई.ए. रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया।

प्रस्ताव का विवरण – परियोजना प्रस्तावक द्वारा ग्राम–मोहरा में खसरा क्रमांक 146, 147, 148, 149, 150, 168/1, 2, 3 एवं 4, 169, 170/1, 2, 3, 4 एवं 5, 171, 172/1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9 एवं 10, 173, 174/1 एवं 2, 175, 176, 177/1 एवं 3, 178, 179/1 एवं 2, 180, 181/1, 2 एवं 3, 182/1 एवं 6, 183, 184 तथा ग्राम–हिरमी में खसरा क्रमांक 872/2, 856, 855/3, तहसील–सिमगा, जिला–बलौदाबाजार–भाठापारा स्थित कुल क्षेत्रफल – 67 एकड़ (27.129 हेक्टेयर) में डीआरआई प्लांट (स्पंज आयरन) (2 गुणा 95 टन प्रतिदिन) क्षमता – 62,700 टन प्रतिवर्ष, इण्डक्शन फर्नेस (एम.एस. बिलेट्स/एम.एस.इंगाट्स) (5 गुणा 10 टन) क्षमता – 1,65,000 टन प्रतिवर्ष, रोलिंग मिल (टी.एम.टी. बार/ स्ट्रक्चरल स्टील/ रोल्ड प्रोडक्ट्स) (1 गुणा 500 टन प्रतिदिन) क्षमता – 1,50,000 टन प्रतिवर्ष, डब्ल्यू.एच.आर. बी. आधारित पॉवर प्लांट क्षमता – 5 मेगावॉट तथा एफ़.बी.सी. आधारित पॉवर प्लांट क्षमता – 5 मेगावॉट के पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया है। परियोजना का विनियोग रुपए 98 करोड़ होगा।

एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 28/09/2019 द्वारा प्रकरण बी–1 केटेगरी का होने के कारण भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा अप्रैल, 2015 में प्रकाशित स्टैण्डर्ड टर्म्स ऑफ रिफरेंस (टीओआर) फॉर ई.आई.ए./ई.एम.पी. रिपोर्ट फॉर प्रोजेक्ट्स/एक्टीविटीज रिक्वायरिंग इन्वायरमेंट क्लीयरेंस अण्डर ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 में वर्णित श्रेणी 1(डी) थर्मल पॉवर प्लांट्स एवं श्रेणी 3(ए) मेटालर्जिकल इण्डस्ट्रीज (फेरस एण्ड नॉन–फेरस) का स्टैण्डर्ड टीओआर (लोक सुनवाई सहित) हेतु टीओआर जारी किया गया है।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन एवं ई–मेल दिनांक 02/09/2021 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की 388वीं बैठक दिनांक 07/09/2021:

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री महेश वागवानी, प्रोजेक्ट इंचार्ज एवं पर्यावरण सलाहकार मेसर्स पायोनियर इन्वायरो लेवोरट्रीज एण्ड कन्सलटेन्ट प्राईवेट लिमिटेड, हैदराबाद की ओर से श्री सुधीर सिंह विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:–

1. **समीपस्थ स्थित क्रियाकलापों संबंधी जानकारी –**

   - समीपस्थ आबादी ग्राम–मोहरा 1.2 किलोमीटर, स्कूल ग्राम–मोहरा 2.1 किलोमीटर, हॉस्पिटल ग्राम–हिरमी 2.8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। निकटतम रेलवे स्टेशन तिल्दा 27 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। महानदी 1.5 किलोमीटर एवं बंजारी नाला 3.2 किलोमीटर की दूरी पर है। राज्यमार्ग 20 किलोमीटर दूर है।

   - परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 किलोमीटर की परिधि में अंतर्राज्जीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पॉल्युटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

2. **लेण्ड एरिया स्टेटमेंट** – कुल क्षेत्रफल – 27.129 हेक्टेयर (67 एकड़) है, जिसमें से प्लांट का क्षेत्रफल 8.109 हेक्टेयर, रॉ–मटेरियल स्टोरेज यार्ड का क्षेत्रफल 1.213 हेक्टेयर, प्रोडक्ट स्टोरेज यार्ड का क्षेत्रफल 0.809 हेक्टेयर, ठोस अपशिष्ट वेस्ट स्टोरेज यार्ड का क्षेत्रफल 0.607 हेक्टेयर, आंतरिक मार्ग का क्षेत्रफल 0.809 हेक्टेयर, हरित पट्टिका का क्षेत्रफल 10.86 हेक्टेयर (40.03 प्रतिशत), वॉटर रिजर्वायर एवं आर.डब्ल्यू.एच. का क्षेत्रफल 0.202 हेक्टेयर, पार्किंग का क्षेत्रफल 0.202 हेक्टेयर तथा अन्य क्षेत्र 4.318 हेक्टेयर है।

3. भू–स्वामित्व दस्तावेज प्रस्तुत किये गये हैं। प्रस्तावित भूमि कृषि भूमि है, जिसका औद्योगिक उपयोग के लिए लेण्ड डायवर्सन नहीं हुआ है।

4. ग्राम पंचायत हिरमी एवं मोहरा का कार्यवाही बैठक प्रस्तुत किया गया है, जिसमें ग्राम पंचायतों द्वारा आपत्ति जताई गई है। ग्राम पंचायत हिरमी एवं मोहरा का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुतीकरण के दौरान ग्राम पंचायत हिरमी एवं मोहरा का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किये जाने का आश्वासन दिया गया है।

5. **प्रस्तावित परियोजना हेतु विभिन्न संयंत्रों का विवरण निम्नानुसार है:–**

S. No.	Unit (Product)	Configuration	Production capacity
1.	DRI klin (Sponge Iron)	2 x 95 TPD	62,700 TPA
2.	Induction Furnaces (Hot Billets / MS Billets/ MS Ingots)	5 x 10 T	1,65,000 TPA
3.	Rolling Mill along with Gasifier (TMT Bars/ Structural Steel / Rolled Products)	1 x 500 TPD	1,50,000 TPA
	90% of total capacity will be through hot charging and remaining 10% will be reheating furnace.		
4.	WHRB based Power	2x12 TPH	5 MW

	Plant		
5.	FBC based Power Plant	1x24 TPH	5 MW

6. रॉ–मटेरियल :–

S. No.	Raw Material		Quantity (TPA)	Source	Mode of Transport
For DRI kiln (Sponge Iron) - 62,700 TPA					
1.	Iron ore		1,00,320	Barbil, Orissa, NMDC, Chhattisgarh	By Rail and Road (through covered trucks)
2.	Coal	Indian Coal or	81,510	SECL, Chhattisgarh / MCL Odisha	By Rail and Road (through covered trucks)
		Imported Coal	56,430	Indonesia/ South Africa/ Australia	Through Sea Route, Rail & by road
3.	Dolomite		3,135	Chhattisgarh	By Road (through covered trucks)
For Induction Furnace (Hot Billets/MS Billets/Ingots) – 1,65,000 TPA					
1.	Sponge Iron		1,37,000	Own generation & purchase from Raipur	By Road (through covered trucks)
2.	Scrap		59,000	Raipur	
3.	Ferro alloys		2,500	Raipur	
For Rolling Mill (TMT Bars & Structural Steel / Rolled Products) - 1,50,000 TPA (1,35,000 TPA Hot Charged and 15,000 TPA Coal Gasifier Based)					
1.	MS Ingots/ Steel billets		1,60,500	Own generation	-
2.	Furnace oil		75 KL	Nearby HPCL /IOCL depots	Tankers
3.	Coal For Gasifier Producer gas 2,000 NM^3/Hr	Indian Coal or	3,000	SECL Chhattisgarh / MCL Odisha	By Rail and Road (through covered trucks)
		Imported Coal	1,920	Indonesia/ South Africa/ Australia	Through sea route, rail & by road
For FBC Boiler (Power Generation 5 MW)					
1.	Indian Coal (100%)		27,000	SECL Chhattisgarh / MCL Odisha	By Rail and Road (through covered trucks)
OR					
2.	Imported Coal (100%)		17,280	Indonesia/ South Africa/ Australia	Through sea route/ rail route / by road
OR					
3.	Dolochar		18,180	In Plant Generation	through covered conveyor

	Indian Coal	17,595	SECL Chhattisgarh / MCL Odisha	By Rail and Road (through covered trucks)
OR				
4.	Dolochar	18,180	In Plant Generation	through covered conveyor
	Imported Coal	7,875	Indonesia/ South Africa/ Australia	Through sea route/ rail route / by road

परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि इण्डक्शन फर्नेस से प्राप्त हॉट मेटल का उपयोग सी.सी.एम. के द्वारा रोलिंग मिल में फीड किया जाकर रोल्ड प्रोडक्ट्स का उत्पादन किया जाएगा। किन्ही परिस्थियों यथा सी.सी.एम. / रोलिंग मिल के रोल्स में समस्या आने के फलस्वरूप ठण्डे बिलेट्स को री–हीटिंग फर्नेस में पुनः गर्म कर रोल्ड प्रोडक्ट्स का उत्पादन किया जाएगा। इस प्रकार री–हीटिंग फर्नेस में ईंधन की मात्रा में कमी होगी। परियोजना प्रस्तावक द्वारा एफ.बी.सी. एवं डब्ल्यु.एच.आर.बी. आधारित प्रस्तावित पॉवर प्लांट में कॉमन स्टीम फीडर के माध्यम से 10 मेगावॉट टी.जी. सेट से विद्युत उत्पादन किया जाना प्रस्तावित है।

7. **वायु प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था** – डीआरआई किल्न (स्पंज आयरन इकाई) के साथ डब्ल्यु.एच.आर.बी. में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु इलेक्ट्रोस्टेटिक प्रेसीपिटेटर एवं 70 मीटर (Combined Stack with Twin Fuel) उचांई की चिमनी स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। एफ.बी.सी. आधारित प्रस्तावित पॉवर प्लांट में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु इलेक्ट्रो स्टेटिक प्रेसीपिटेटर एवं 51 मीटर उचांई की चिमनी प्रस्तावित है। इण्डक्शन फर्नेस विथ सी.सी.एम. में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु फ्यूम एक्सट्रेक्शन सिस्टम के साथ बेग फिल्टर एवं 30 मीटर उचांई की चिमनी स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। रोलिंग मिल में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु स्क्रबर एवं 53 मीटर उचांई की चिमनी प्रस्तावित है। उपरोक्त चिमनियों की ऊंचाई 100 प्रतिशत इम्पोर्टेड कोल (सल्फर कंटेन्ट 01 प्रतिशत अधिकतम) के आधार पर गणना कर प्रस्तावित की गई है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि इम्पोर्टेड कोल में अधिकतम 01 प्रतिशत सल्फर कंटेन्ट की मात्रा वाले कोयले का इम्पोर्ट कर उपयोग किया जाएगा। उपरोक्त व्यवस्था से डीआरआई किल्न (स्पंज आयरन इकाई) एवं एफ.बी.सी. आधारित प्रस्तावित पॉवर प्लांट से पार्टिकुलेट मेटर का उत्सर्जन 30 मिलिग्राम/सामान्य घनमीटर से कम तथा इण्डक्शन फर्नेस एवं रोलिंग मिल से पार्टिकुलेट मेटर का उत्सर्जन 25 मिलिग्राम/सामान्य घनमीटर से कम रखा जाना प्रस्तावित है। एफ.बी.सी. आधारित प्रस्तावित पॉवर प्लांट से एस.ओ.$_{एक्स}$ एवं एन.ओ.$_{एक्स}$ का उत्सर्जन 100 मिलिग्राम/सामान्य घनमीटर से कम रखे जाने का प्रस्ताव किया गया है। फ्युजिटिव डस्ट उत्सर्जन नियंत्रण हेतु जल छिडकाव की व्यवस्था प्रस्तावित है। रोलिंग मिल री–हीटिंग फर्नेस गैसीफायर आधारित रहेगा।

8. **ठोस अपशिष्ट अपवहन व्यवस्था** –

S. No.	Waste	Quantity (TPA)	Method of Disposal

For Sponge Iron plant			
1.	Ash from DRI	11,286	Will be given to cement plant & bricks manufacturers
2.	Dolochar	18,180	Will be used in FBC power plant as fuel
3.	Kiln Accretion Slag	564	Will be used in road construction & given to brick manufacturers
4.	Wet scrapper sludge	2,884	Will be used in road construction & given to brick manufacturers.
For Induction Furance			
1.	SMS Slag	16,500	Slag from SMS will be crushed and iron will be recovered & remaining non-magnetic material being inert by nature will be used as sub base material in road construction
For Rolling Mill			
1.	End Cutting	5,700	Will be reuse in the SMS
2.	Mill Scales	1,800	Mill scale will be given to nearby Ferro alloys manufacturing units or casting units.
3.	Ash (with Indian Coal + dolochar)	27,000	Ash generated will be given to cement plants / bricks manufacturers
4.	Ash (with Imported Coal + dolochar)	17,280	Ash generated will be given to cement plants / bricks manufacturers

कोल गैसीफायर को री–हीटिंग फर्नेस के नजदीक में स्थापित किया जाएगा, जिससे गैसीफायर से उत्पन्न टार गैसीय फार्म में प्रोडयुसर गैस के साथ री–हीटिंग फर्नेस में जला दिया जाएगा। इस प्रकार गैसीफायर से टार का जनरेशन होना संभावित है तथापि मेन्युअल टार कलेक्शन सिस्टम की स्थापना की जाएगी तथा एकत्रित टार को अधिकृत रिसायक्लर्स को उपलब्ध कराया जाएगा।

9. **जल प्रबंधन व्यवस्था –**

- **जल खपत एवं स्त्रोत** – परियोजना हेतु 320 घनमीटर प्रतिदिन (घरेलू उपयोग हेतु 10 घनमीटर प्रतिदिन, डी.आर.आई. किल्न प्लांट हेतु 50 घनमीटर प्रतिदिन, इण्डक्शन फर्नेस हेतु 60 घनमीटर प्रतिदिन, रोलिंग मिल हेतु 90 घनमीटर प्रतिदिन, कोल गैसीफायर हेतु 10 घनमीटर प्रतिदिन एवं पॉवर प्लांट हेतु 100 घनमीटर प्रतिदिन) का उपयोग किया जाना प्रस्तावित है। आवश्यक जल की आपूर्ति भू–जल से की जाएगी। परियोजना हेतु आवश्यक जल की आपूर्ति हेतु सेन्ट्रल ग्राउण्ड वॉटर अथॉरिटी से 320 घनमीटर प्रतिदिन के लिए दिनांक 19/12/2020 से 18/12/2023 तक अनुमति प्राप्त की गई है।

- **भू–जल उपयोग प्रबंधन** – परियोजना स्थल सेंट्रल ग्राउण्ड वाटर बोर्ड के अनुसार सेफ जोन में आता है। जिसके अनुसार–

  (अ) वृहद एवं मध्यम उद्योगों को कम से कम 40 प्रतिशत दूषित जल का पुनःचक्रण एवं पुनःउपयोग किया जाना है।

  (ब) ग्राउण्ड वाटर रिचार्ज हेतु अपनाई गई तकनीक यथा रेनवाटर हार्वेस्टिंग / ऑर्टिफिशियल जल रिचार्ज के आधार पर भू–जल निकाले जाने की अनुमति सेंट्रल ग्राउण्ड वाटर बोर्ड द्वारा दिये जाने का प्रावधान है। अतः उद्योग को रेनवाटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था किया जाना आवश्यक है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि परियोजना स्थल के आसपास भू–जल का स्तर प्री–मानसून सीजन में 05 से 10 मीटर तथा पोस्ट–मानसून सीजन 02 से 05 मीटर पाया गया है। इसकी पुष्टि हेतु सेंट्रल ग्राउण्ड वाटर बोर्ड, नॉर्थ सेन्ट्रल छत्तीसगढ़ रीजन रायपुर हेतु प्रकाशित ग्राउण्ड वाटर ईयर बूक ऑफ छत्तीसगढ़ 2019–20 की प्रति प्रस्तुत की गई है।

- **जल प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था** – औद्योगिक प्रक्रिया से 40 घनमीटर / दिन दूषित जल उत्पन्न होगी। स्पंज आयरन प्लांट, इण्डक्शन फर्नेस एवं रोलिंग मिल से कुलिंग उपरांत प्राप्त दूषित जल को ठंडा कर पुनः कूलिंग हेतु उपयोग में लाया जाएगा। गैसीफायर से उत्पन्न दूषित जल को पुनः उपयोग किया जाएगा। पॉवर प्लांट से उत्पन्न दूषित जल के उपचार हेतु ई.टी.पी.(न्यूट्रिलाईजेशन सिस्टम) स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। प्रस्तावित परियोजना से घरेलू दूषित जल की मात्रा 08 घनमीटर प्रतिदिन होगी, जिसके उपचार हेतु एमबीबीआर तकनीक आधारित 10 कि.ली./दिन क्षमता वाले सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना प्रस्तावित है। शून्य निस्सारण की स्थिति रखी जायेगी। उपचारित घरेलू दूषित जल को हाईपोक्लोराईट सॉल्यूशन से डिसइन्फेक्शन कर विभिन्न कार्यों में उपयोग किया जाएगा।

- **रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था** – उद्योग परिसर में वर्षा जल का कुल रनऑफ 4,857 घनमीटर है। रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था के अंतर्गत 16 नग रिचार्ज पिट (व्यास 4 मीटर, गहराई 6 मीटर) क्षमता का निर्मित किया जाना प्रस्तावित है। प्रस्तावित रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था पश्चात् परिसर के पूर्ण रनऑफ को रिचार्ज किया जा सकेगा। सभी रिचार्ज स्ट्रक्चर्स इस प्रकार निर्मित किए जाएगें कि इनमें समान मात्रा में वर्षा जल का बहाव हो सके। समिति का मत है कि यह कार्य आगामी 1 माह में पूर्ण किया जाए।

